बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-491

**03/10/2021**

# मुख्यमंत्री ने गॉधी जयंती के अवसर पर कोविड टीकाकरण महाअभियान की सफलता पर बिहारवासियों को दी बधाई

पटना, 03 अक्टूबर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गॉधी जयंती के अवसर पर कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत बिहार में रिकॉर्ड टीकाकरण के लिए बिहारवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 अक्टूबर गॉधी जयंती के अवसर पर राज्य में भारी बारिश के बावजूद कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत 30 लाख 5 हजार 666 लोगों का टीकाकरण हुआ है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए बिहारवासियों एवं खासकर स्वास्थ्य विभाग को बधाई देता हूं। उम्मीद करता हूं कि स्वास्थ्य विभाग आगे भी इसी मनोयोग के साथ निरंतर काम करता रहेगा।

******